भारत सरकार

योजना मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3987

दिनांक 12.08.2026 को उत्तर देने के लिए

वायनाड में आकांक्षी जिला कार्यक्रम

3987. श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा:

क्या **योजना मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने वायनाड जिले में सामाजिक-आर्थिक संकेतकों में सुधार लाने में 'आकांक्षी जिला कार्यक्रम' (एडीपी) के प्रभाव का मूल्यांकन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का वायनाड जिला कार्य योजना को संशोधित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी) के अंतर्गत वायनाड जिले को स्वीकृत और जारी की गई निधि तथा स्वीकृत एवं पूर्ण की गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(घ) वायनाड जिले में मुख्य प्रदर्शन संकेतकों में सुधार के लिए समेकित की गई केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का ब्यौरा क्या है?

(ङ) क्या सरकार आकांक्षी जिलों, विशेषकर जनजातीय क्षेत्रों में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) परियोजनाओं को प्रोत्साहित करने के लिए पहल कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) वर्ष 2019 से वायनाड जिले में स्वीकृत और पूर्ण की गई सीएसआर परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय;
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय एवं
राज्यमंत्री, संस्कृति मंत्रालय
(राव इंद्रजीत सिंह)

(क) विकास अनुवीक्षण और मूल्यांकन कार्यालय (डीएमईओ), नीति आयोग द्वारा किए गए आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी) के एक स्वतंत्र मूल्यांकन ने पुष्टि की है कि "3सी" मॉडल (अभिसरण, सहयोग और प्रतिस्पर्धा), ने मुख्य मानव विकास संकेतकों में तत्क्षण निगरानी के साथ, डाटा-आधारित निर्णय लेने के सम्बन्ध में विकास को सफलतापूर्वक गति दी है। इसके अलावा, एडीपी कार्यक्रम के तहत वायनाड के आकांक्षी जिले सहित सभी आकांक्षी जिलों के 49 प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों की नियमित रूप से निगरानी की जाती है और वायनाड जिले में पर्याप्त प्रगति हासिल की गई है। प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों में प्रगति चैंपियंस ऑफ चेंज पोर्टल, http://championsofchange.gov.in. पर देखी जा सकती है।

(ख) नीति आयोग 2018 से एडीपी कार्यक्रम को कार्यान्वित कर रहा है और जिला कार्य योजना की तैयारी और संशोधन संबंधित जिलों के दायरे में आता है, जो उनकी सामाजिक-आर्थिक विकास प्राथमिकताओं के अनुसार होता है।

(ग) स्थापना के बाद से एडीपी के तहत वायनाड जिले को स्वीकृत और जारी कुल धनराशि 18.61 करोड़ रुपये है। पिछले पांच वर्षों के दौरान स्वीकृत और पूर्ण की गई परियोजनाओं का विवरण **अनुलग्नक-I** में संलग्न है।

(घ) आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत, प्रदर्शन संकेतकों में सुधार के लिए जिला स्तर पर प्रमुख केंद्रीय और राज्य योजनाओं को क्रमशः राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम), आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, सक्षम आंगनवाड़ी और मिशन पोषण 2.0, समग्र शिक्षा, पीएम फसल बीमा योजना, वीबी-जी राम जी, प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम कौशल विकास योजना, राष्ट्रीय सतत कृषि मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), डे-एनआरएलएम और केरल लाइफ मिशन में एकीकृत किया जाता है।

(ङ) और (च) सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा अपने कार्यालय ज्ञापन संख्या सीएसआर 08/0002/2018-डीआईआर (सीएसआर) दिनांक 10 दिसंबर 2018 के तहत जारी "सीपीएसई

के सीएसआर व्यय के लिए दिशानिर्देश" के अनुसार, आकांक्षी जिलों को सीएसआर के तहत प्राथमिकता दी जा सकती है। वायनाड जिला प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिले का सीएसआर प्रकोष्ठ जिले में सीएसआर अनुदान जुटाने के लिए पीएसयू, बैंकों, कॉरपोरेट्स और अन्य निजी संगठनों के साथ सक्रिय रूप से समन्वय करता है। 2019 से वायनाड जिले में स्वीकृत और पूरी की गई सीएसआर परियोजनाओं का विवरण **अनुलग्नक-II** के रूप में संलग्न है।

अनुलग्नक ।

"वायनाड में आकांक्षी जिला कार्यक्रम" के संबंध में श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा द्वारा 12.08.2026 को पूछे गए लोकसभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 3987 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

क्रम सं.	वित्त वर्ष	स्वीकृत परियोजनाएं	स्वीकृत धनराशि (₹ लाख में)	उपयोग की गई धनराशि (₹ लाख में)	परियोजना की स्थिति
1	वित्त वर्ष 21-22	112 आकांक्षी जिलों में आज़ादी का अमृत महोत्सव मनाना, ऐसी गतिविधियों के माध्यम से जो आकांक्षी जिलों से पाठ पढ़ाने दिखाने और दस्तावेज करने में मदद करती हैं	1.20	1.20	संपन्न
2	वित्त वर्ष 21-22	3 आदिवासी बस्तियों में तीन बहु-शिक्षण आधुनिक डिजिटल केंद्र	105.00	104.02	संपन्न
3	वित्त वर्ष 21-22	4 आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण	80.00	80.00	संपन्न
4	वित्त वर्ष 21-22	दो उप केंद्रों को मजबूत करना (हाई टेक उप केंद्रों और एक मातृ एवं शिशु देखभाल केंद्र का निर्माण)	115.00	115.00	संपन्न
5	वित्त वर्ष 21-22	लिफ्ट सिंचाई सुविधा प्रदान करना	100.00	83.93	संपन्न
6	वित्त वर्ष 21-22	सामान्य अस्पताल में घटक पृथक्करण इकाई के साथ ब्लड बैंक का निर्माण	100.00	100.00	संपन्न
7	वित्त वर्ष 22-23	बाला अवधारणा में आंगनवाड़ी का निर्माण	40.00	40.00	संपन्न
8	वित्त वर्ष 22-23	जिला लोक स्वास्थ्य प्रयोगशाला में नवजात शिशु स्क्रीनिंग इकाई कोशिका विज्ञान सूक्ष्म जीव विज्ञान केंद्रों का निर्माण	105.00	91.49	संपन्न

क्रम सं.	वित्त वर्ष	स्वीकृत परियोजनाएं	स्वीकृत धनराशि (₹ लाख में)	उपयोग की गई धनराशि (₹ लाख में)	परियोजना की स्थिति
9	वित्त वर्ष 22-23	1. पीएचसी वरादूर के तहत वरादूर में नए स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों का निर्माण। 2. एफएचसी चीराल के तहत मुख्य केंद्र। 3. एफएचसी वझावट्टा के तहत कल्लुपडी।	105.00	105.00	संपन्न
10	वित्त वर्ष 22-23	वायनाड जिले में तंबाकू बंद करने वाले क्लिनिक का निर्माण	50.00	49.05	संपन्न
11	वित्त वर्ष 22-23	वायनाड में 4 बच्चों के अनुकूल आंगनवाड़ियों का निर्माण	100.00	98.38	संपन्न
12	वित्त वर्ष 22-23	इरुथिलोट्टुकुन्नु चेकडैम और पूथाडी पंचायत में नहर वार्ड 16 का निर्माण	100.00	85.14	संपन्न
13	वित्त वर्ष 22-23	सरकारी आदिवासी स्पेशलिटी हॉस्पिटल नालूरनाड वायनाड में मॉडल कैंसर देखभाल केंद्र के विकास के लिए बहुमंजिला भवन का निर्माण।	500.00	500.00	संपन्न
14	वित्त वर्ष 24-25	संपूर्णता अभियान - लॉन्च और आईईसी गतिविधियां	5.00	4.40	संपन्न
15	वित्त वर्ष 24-25	चल मृदा परीक्षण प्रयोगशाला की स्थापना	25.00	25.00	संपन्न
16	वित्त वर्ष 24-25	मोतियाबिंद सर्जरी के लिए उन्नत फाको इमल्सीफिकेशन मशीन की खरीद	22.00	22.00	संपन्न
17	वित्त वर्ष 24-25	सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल मनंतवाड़ी में एएमआर कार्यक्रम हब और स्पोक मॉडल के हिस्से के रूप में जिला एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध प्रयोगशाला की स्थापना	3.00	1.00	चल रहे

क्रम सं.	वित्त वर्ष	स्वीकृत परियोजनाएं	स्वीकृत धनराशि (₹ लाख में)	उपयोग की गई धनराशि (₹ लाख में)	परियोजना की स्थिति
18	वित्त वर्ष 25-26	संपूर्णता अभियान 2.0 - लॉन्च और आईईसी गतिविधियां	5.00	0.00	चल रहे
कुल			**1561.20**	**1505.60**	

"वायनाड में आकांक्षी जिला कार्यक्रम" के संबंध में श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा द्वारा 12.08.2026 को पूछे गए लोकसभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 3987 के भाग (ङ) और (च) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

क्रम सं.	परियोजना	धनराशि (₹ लाख में)	धनराशि	कंपनी
1	4 स्मार्ट आंगनवाड़ियों (कप्पमकोल्ली, वरदूर, करयोटिंगल, अंबेडकर) की स्थापना	119.35	संपन्न	कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड
2	प्रशीतित वैक्सीन डिलीवरी वाहन	19.33	संपन्न	कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड
3	कनियामबेटा जीपी के लिए एम्बुलेंस की खरीद	11.76	संपन्न	कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड और कैरली टीएमटी
4	पीएचसी पोझुथाना में पोस्ट-कोविड क्लिनिक की स्थापना	7.00	संपन्न	सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन
5	सीएचसी पेरिया के लिए वाहन की खरीद	8.33	संपन्न	सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन
6	एफएचसी अम्बालावायल में फिजियोथेरेपी उपकरण	8.33	संपन्न	सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन
7	सरकारी मेडिकल कॉलेज, मनंतवाड़ी के लिए एम्बुलेंस की खरीद	18.27	संपन्न	सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन
8	सीएचसी पेरिया में वार्ड का नवीनीकरण	10.00	संपन्न	सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन
9	अप्पाप्पारा में पोषण पुनर्वास केंद्र का निर्माण	45.22	संपन्न	एंट्रिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड
10	एफएचसी नूलपुझा में लिफ्ट सुविधा प्रदान करना	15.10	संपन्न	केनरा बैंक
11	जिला अस्पताल, मनंतवाड़ी में कौशल प्रयोगशाला का निर्माण	70.00	संपन्न	हुडको लिमिटेड
12	आशा किट की आपूर्ति और उप केंद्रों को मजबूत बनाना	50.00	संपन्न	हुडको लिमिटेड

क्रम सं.	परियोजना	धनराशि (₹ लाख में)	धनराशि	कंपनी
13	जीएमआरएस कनियामबेटा के लिए हाई जम्प और पोल वॉल्ट उपकरण की खरीद	4.07	संपन्न	आईएनकेईएल -इकेके रोड्स प्राइवेट लिमिटेड
14	ज़िला टीबी केंद्र में ए आई - संचालित एक्स-रे मशीन	30.00	संपन्न	एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड
15	सरकारी वृद्धाश्रम, कनियामबेटा में पानी की डिस्पेंसर और प्यूरीफायर	1.22	संपन्न	एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड
16	रोगाणुरोधी सुल्तान बाथरी के पब्लिक हेल्थ लैब में संवेदनशीलता परीक्षण प्रणाली	20.00	अनुमोदित	एमआरपीएल
17	ईआरटी सदस्यों, आपदा मित्र स्वयंसेवकों, मनरेगा साथियों, वृक्षारोपण श्रमिकों और जनजातीय आरआरटी स्वयंसेवकों के लिए क्षमता निर्माण प्रशिक्षण	32.50	अनुमोदित	टाटा कम्यूनिटी इनिशियेटिव्स ट्रस्ट
18	स्क्रीनिंग सुविधा के साथ मोबाइल यूनिट, कुपोषित बच्चों के लिए डे केयर पोषण सहायता और सिकल सेल रोगियों के लिए व्यावसायिक पुनर्वास	397.16	प्रगति पर है	कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड
19	वायनाड जिले में आधुनिक नेत्र विज्ञान इकाई	100.00	अनुमोदित	न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल)
20	मनंतवाड़ी ज़िला टीबी केंद्र में ए आई -संचालित एक्स-रे मशीन	21.52	संपन्न	एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड
21	सरकारी वृद्धाश्रम, कनियामबेटा में पानी की डिस्पेंसर और प्यूरीफायर	1.22	निष्पादित	एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड
22	विभिन्न परियोजनाएं - स्वास्थ्य, शिक्षा और बाल देखभाल क्षेत्र		प्रगति पर है	स्टेट बैंक ऑफ इंडिया

क्रम सं.	परियोजना	धनराशि (₹ लाख में)	धनराशि	कंपनी
23	जीएमआरएस कल्पेट्टा और कनियामबेटा के लिए हाई जम्प, पोल वॉल्ट और अन्य खेल उपकरण	4.07	संपन्न	आईएनकेईएल -इकेके रोड्स प्राइवेट लिमिटेड

*****